हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


### हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा

## मवेशियों को गौठान या चरागाह में भेजने की व्यवस्था क्यों नहीं की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश की खराब सड़कों और मवेशियों के जमावड़े के लिए हाईकोर्ट ने राज्य शासन, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नगर निगम की विफलता पर सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने कहा कि अधिकारी सिर्फ दिखाने के लिए पेट्रोलिंग और मवेशी हटाने की कार्रवाई न करे, बल्कि समस्या के स्थायी समाधान की जरूरत है। कोर्ट ने सवाल पूछा कि मवेशियों को गौठान या चरागाह में भेजने की व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है? सभी चीजें सिर्फ कागजों में है, प्रैक्टिकली कुछ नहीं हो रहा है। मवेशियों को हटाने के लिए जिस एसओपी की बात थी उसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। सिर्फ दिखाने के रेडियम बेल्ट लगाने और मवेशी पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। मवेशियों को प्रदेश में बने चरागाह और गौठान भेजना चाहिए। पर ऐसा कुछ नहीं हो रहा। कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग, शासन और नगर निगम को शपथपत्र पर जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शासन से पूछा कि सड़कों पर लगातार मवेशी नजर आते हैं। इसकी रोकथाम करने नगर निगम, पालिका परिषद वगैरह क्या कर रहे हैं? राजमार्ग प्राधिकरण ने कहा कि मवेशी हटाने और जिओ टैगिंग की शुरुआत चरणबद्ध तरीके से नगरपालिका स्तर से करनी पड़ेगी। यूपी, जमू- कश्मीर जैसे राज्यों में इसी तरीके से सड़कों से मवेशी हटाने की शुरुआत की गई थी। शासन की ओर से कहा गया कि रतनपुर से होकर एनएच-130 पर मवेशी मंच, शेड का निर्माण किया गया है। बिलासपुर-पथरापाली खंड के भीतर पेंड्रीडीह में मवेशी मंच बनाया गया है। इस मंच का उद्देश्य आवारा मवेशियों के लिए एक निर्दिष्ट क्षेत्र प्रदान करना है, जिससे उन्हें राजमार्गों पर भटकने से रोका जा सके। कोर्ट ने इस संबंध में कलेक्टर को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने कहा है। कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई से पहले तय किया जाना चाहिए कि राजमार्गों या सार्वजनिक सड़कों पर मवेशियों सहित कोई भी आवारा जानवर न पाया जाए, ताकि सार्वजनिक सुरक्षा को किसी भी तरह का खतरा न हो। मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी।



- अधिकारी सिर्फ दिखाने के लिए पेट्रोलिंग और मवेशी हटाने की कार्रवाई न करे
- कोर्ट ने कहा सब कुछ कागजों में है, अब समस्या के स्थायी समाधान की जरूरत है

### आधार कार्ड में मवेशी रखने की जानकारी हो

सुनवाई के दौरान शासन की ओर से बनाए गए प्राधिकरण ने यह सुझाव भी दिया कि आधार कार्ड में अन्य जानकारी की तरह मवेशी रखने की जानकारी भी शामिल की जाए। इससे पशुपालकों और मवेशियों के मालिक की पहचान हो सकेगी। साथ ही राज्य शासन ने प्रदेश में 63 निजी गोशालाएं और उन्हें अनुदान मिलने की जानकारी दी। इस पर कोर्ट ने गौशालाओं की भूमिका पर भी सवाल उठाए। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि नेशनल हाइवे अथॉरिटी पर ही सडकों के सुधार का दायित्व है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में बीच सड़क पर बैठे हुए मवेशियों से या अचानक हाईवे या दूसरे मुख्य मार्गों पर आ जाने से बड़े हादसे हो जाते हैं। कोर्ट ने आवारा मवेशियों की संख्या पूछते हुए यह निर्देश भी दिया कि शासन मवेशियों को हटाने के लिए चरवाहों का इंतजाम करे और जवाबदार मालिकों पर पेनाल्टी लगाए।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 1083 मि.मी. बारिश दर्ज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 1083.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 1007.8 मिमी से 76.1 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार सबसे अधिक बारिश 1378.8 मिमी तखतपुर तहसील में और सबसे कम बारिश 874.8 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 1213.5 मिमी, बिल्हा तहसील में 1006.6 मिमी, मस्तूरी में 930.1 मिमी, सीपत में 981.1 मिमी, बोदरी में 1005.1 मिमी, बेलगहना में 1353.4 मिमी, बेलतरा में 1001 मिमी, रतनपुर में 1077.1 मिमी, सकरी में 1234.7 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 951 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है।

### मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन 3 अक्टूबर तक

**बिलासपुर।** शासकीस औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बिल्हा में विद्युतकार व्यवसाय के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने के लिए प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के लिए मेहमान प्रवक्ता के लिए 3 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत, स्पीड पोस्ट द्वारा आईटीआई कोनी में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्था के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है।

## तबादले से नाराज डॉक्टर ने निदेशक को दी गाली, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर का तबादला करना नागवार गुजरा। बौखलाए डाक्टर ने अपने मुख्य स्वास्थ्य निदेशक बदसलूकी की। आरोपी डाक्टर ने अधिकारी के घर पहुंच कर हुज्जतबाजी करते हुए गाली गलौज की है। अधिकारी ने तारबहार थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामले के अनुसार डॉ एसएल मैथ्यूज रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में मुख्य स्वास्थ्य निदेशक के पद पर कार्यरत है। वे रेलवे आफिसर्स कालोनी में रहती है। पेशे से रेडियोलॉजिस्ट डॉ मैथ्यूज ने पुलिस को बताया कि अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डा राजीव कुमार यादव का ट्रांसफर हो चुका है। डॉ राजीव कुमार 10 सितंबर की सुबह 7 से 8 बजे उनके घर पहुंचे और गेट को धक्का मार कर जोर- जोर से चिल्लाने लगे। इस दौरान डॉ राजीव ने उनसे अश्लील गाली गलौज की। उन्होंने कहा कि डॉ राजीव व उनकी पत्नी का तबादला एनएफ रेलवे में किया गया है, ऐसे में आरोपी डाक्टर ने परिवार व उन्हें धमकी दी है। आरोपी ने अश्लील शब्दों का प्रयोग हुए विडियो फेसबुक और यूट्यूब में अपलोड किया है। डॉ एसएल मैथ्यूज ने मामले की शिकायत तारबहार थाने में दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी डाक्टर की तलाश कर रही है।

### 15वें वित्त की राशि में की गड़बड़ी

## दो पंचायत सचिवों पर गिरी निलंबन की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पन्द्रहवें वित्त योजना की राशि का आनलाइन अंकेक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण दो पंचायत सचिवों पर निलंबन की गाज गिरी है। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने पंचायत सचिव भागबली राय और पंचायत सचिव राजेश विश्वकर्मा पर निलंबन की कार्रवाई की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन की महत्वपूर्ण 15 वें वित्त योजना से वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त राशि का आनलाइन अंकेक्षण कार्य शतप्रतिशत राज्य संपरीक्षा से कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन 15 वें वित्त की राशि का आनलाइन शतप्रतिशत अंकेक्षण के निर्देशों का पालन कोटा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम उपका के पंचायत सचिव राजेश विश्वकर्मा द्वारा नहीं किया गया। इस तरह पंचायत सचिव श्री विश्वकर्मा द्वारा अपने उच्चाधिकारियों के निर्देश का पालन नहीं करने एवं कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई। इसके कारण जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ पंचायत आचरण नियम 1988 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के तहत पंचायत सचिव राजेश विश्वकर्मा को निलंबित कर दिया है और उनकी जगह पर ग्राम उपका का अतिरिक्त प्रभार ग्राम दवनपुर के पंचायत सचिव केशव यादव का सौंपा गया है। इसी तरह जनपद पंचायत मस्तूरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हाटी के पंचायत सचिव भागबली राय द्वारा भी वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वें वित्त योजना से प्राप्त राशि का राज्य संपरीक्षा से आनलाइन अंकेक्षण कार्य में घोर लापरवाही बरती गई।

इस कारण जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल ने चिल्हाटी के पंचायत सचिव भागबली राय को भी निलंबित कर दिया गया है और उसकी जगह पर ग्राम पंचायत कोकड़ी के पंचायत सचिव राकेश गांगीले को चिल्हाटी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। निलंबन अवधि में भागबली का मुख्यालय जनपद पंचायत मस्तूरी तथा राजेश विश्वकर्मा का मुख्यालय जनपद पंचायत कोटा निर्धारित किया गया है।

### आईआरसीटीसी से मिल सकती है कन्फर्म टिकिट

## फेस्टिवल व छठ पूजा स्पेशल में बर्थ खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ने फेस्टिवल और छठ पूजा से पहले स्पेशल ट्रेन चलाने का आर्डर जारी कर दिया है, जिसमें सैकड़ों बर्थ खाली है। इन ट्रेनों में यात्री आरक्षण कार्यालय और आईआरसीटीसी वेबसाइट के माध्यम से कंफर्म टिकिट बड़ी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों को आरामदायक सफर की सुविधा देने के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरु कर दिया गया है। इन ट्रेनों में कुछ यात्रियों की सफर करने के लिए बुकिंग की शुरुआत हो चुकी है, जिसके बावजूद भी सैकडों की संख्या में बर्थ अभी भी खाली चल रहे हैं। पूजा स्पेशल के नाम से चलने वाली ट्रेनों में 08265/08266 बिलासपुर-हड़पसर पुणे के बीच चलने वाली एक फेरे वाली ट्रेन 22 और 23 अक्टूबर को चलेगी, जिसमें एसी सेकेंड में 18 बर्थ, एसी थ्री में 400 बर्थ, एसी थ्री



एकोनोमी में 110 बर्थ, स्लीपर में 137 बर्थ, 9 सितम्बर से 18 नवम्बर तक 22 चलने वाली 08261/08262 बिलासपुर-यलहंका बेंगलुरु फेस्टिवल स्पेशल में यलहंका से 23 सितम्बर को एसी थ्री में 375 बर्थ, एसी थ्री एकोनोमी में 96 बर्थ, स्लीपर में 103 बर्थ, 7 अक्टूबर को एसी थ्री में 352 बर्थ, एसी थ्री एकोनोमी में 92 बर्थ, स्लीपर में 111 बर्थ, 14 अक्टूबर को एसी टू में 18 बर्थ, एसी थ्री में 417 बर्थ, एसी थ्री एकोनोमी में 111 बर्थ, स्लीपर में 173 बर्थ, 21 अक्टूबर को एसी टू में 12, एसी थ्री में 401, एसी थ्री एकोनोमी में 110, स्लीपर में 162 बर्थ खाली है। इसी तरह दुर्ग-सुलतानपुर के बीच 13 सितम्बर से 25 नवंबर तक 12 फेरे लगाने वाली 08763/08764 ट्रेन में 20 सितम्बर को एसी थ्री में 367 बर्थ, एसी थ्री एकोनोमी में 94 बर्थ, 27 सितम्बर को एसी थ्री में 372 बर्थ, एसी थ्री एकोनोमी में 85 बर्थ, स्लीपर में 27 बर्थ, 4 अक्टूबर को एसी टू में 21 बर्थ, एसी थ्री में 402 बर्थ, एसी थ्री एकोनोमी में 91 बर्थ, स्लीपर में 141 बर्थ, 11 अक्टूबर को एसी टू में 19 बर्थ, एसी थ्री में 416 बर्थ, एसी थ्री एकोनोमी में 108 बर्थ, स्लीपर में 176 बर्थ है। इसके साथ ही 8 फेरे के लिए चलने वाली 08760/08761 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन, 10 फेरे के लिए चलने वाली 08865/08866 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-शालीमार एक्सप्रेस भी सैकड़ों की संख्या में बर्थ खाली हैं। इन ट्रेनों का वाणिज्यिक स्टापेज एसईसीआर के गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा एवं रायगढ़ स्टेशन में दिया गया है।




# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




एजुकेशन

## आईटीआई में काउंसिलिंग का शेडयूल जारी, 21 तक आवेदन

**बिलासपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में प्रवेश के लिए सातवें और आठवें चरण की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आईटीआई में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 21 सितंबर 2025 को रात्रि 11.59 बजे तक भरे जा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी यदि अगले चरण की काउंसिलिंग में शामिल होना चाहते हैं तो उन्हें अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड से अपनी प्रोफाइल, संस्था-व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम का चयन पुनः करना होगा। इसके बिना उन्हें अगले चरण की काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया जाएगा। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा जारी काउंसिलिंग शेडयूल के अनुसार 21 सितंबर तक अभ्यर्थियों का पंजीयन ऑनलाइन किया जाएगा। 22 सितंबर को मेरिट सूची जारी की जाएगी। सातवें चरण की काउंसिलिंग के लिए 23 सितंबर को चयन सूची जारी होगी और 24 से 25 सितंबर तक अभ्यर्थियों को संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा। इसी प्रकार आठवें चरण की काउंसिलिंग के लिए 26 और 27 सितंबर को चयन सूची जारी की जाएगी और 29 से 30 सितंबर तक अभ्यर्थियों को संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा।

धर्म - क्षेत्र

## सनाढ्य ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा प्रसाद वितरण किया




**बिलासपुर।** पितृ पक्ष के अवसर पर स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल सभा भवन में वर्मा परिवार, मुकेश नामदेव, तथा यश मिश्रा के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, इस कथा को आचार्य अमर कृष्णा शुक्ला के द्वारा रसपान कराया जा रहा है। सनाडय ब्राहमण महिला मंडल के द्वारा शानदार खिचड़ी तथा खीर का प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद वितरण केंद्र में स्वयं आकर प्रसाद वितरण में सहयोग किया, इस कार्यक्रम में सनाढ्य ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ तनुजा बिरथरे, सचिव पूनम पराशर, कोषाध्यक्ष दीप्ति मिश्रा, मनोरमा मिश्रा, पुष्पा दीक्षित, साधना दुबे, पिंकी दीक्षित, सुधा दुबे, आसना द्विवेदी, शैला मिश्रा, शोभा त्रिपाठी, भावना मिश्रा, नीरजा दीक्षित आदि उपस्थित थे।

आयोजन

## राज्य रजत जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय पुस्तक मेला




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में माधवराव सप्रे केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। पुस्तक मेला का उद्घाटन विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला द्वारा द्वारा एवं कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई द्वारा किया गया, विश्वविद्यालय के कुलसचिव, समस्त अधिकारी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह मेला विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस पुस्तक मेले का प्रमुख उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों को नवीनतम शैक्षणिक एवं संदर्भ पुस्तकों से परिचित कराना है, जिससे उन्हें अध्ययन एवं शोध कार्यों में सहायता मिल सके। मेले में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित प्रकाशकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जो उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, शोध एवं अन्य शैक्षणिक क्षेत्रों से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे।

सम्मेलन

## उद्यमिता से मिलता है मजबूत उद्यमी संस्कृति को बढ़ावा



**बिलासपुर।** स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन डीएलएस कॉलेज सरकंडा में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद प्रांत कोषाध्यक्ष एवं एरीना निदेशक संदीप गुप्ता ने बताया कि उद्यमिता सम्मेलन का अर्थ नए व्यवसाय स्थापित करना और स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। इन सम्मेलनों का उद्देश्य उद्यमियों को पहचानना, प्रेरित करना, उन्हें आवश्यक जानकारी, ज्ञान और कौशल प्रदान करना और एक मजबूत उद्यमी संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस मौके पर अरुणा दीक्षित, डीएलएस कॉलेज की डायरेक्टर निशा बसंत शर्मा, प्राचार्य डॉ प्रताप पांडेय, जिला युवा आयाम के योगेन्द्र बंजारे, स्वदेशी जागरण मंच की नगर संयोजिका सुमन द्विवेदी, स्वदेशी जागरण मंच मेला निर्माण समिति के सदस्य सुशांत द्विवेदी सहित प्राध्यापक व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# पूजन सामग्री, डांडिया के लिए आउटफिट्स की होने लगी खरीददारी

नवरात्रि बाजार होने लगा गुलजार

शारदीय नवरात्रि सोमवार 22 सितंबर से आरंभ हो रही है। इस पर्व के लिए लोग पूजन सामग्री, फूल, डांडिया नाइट के लिए विशेष आउटफिट्स एवं डेकोरेशन आयटम की खरीददारी करने लगे हैं। इससे पूरे 9 दिनों तक नवरात्रि बाज़ार गुलजार रहेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि पर्व के लिए विशेष चीज़ें खरीदी जाती है। इसमें पारंपरिक परिधान चनिया-चोली, साड़ी, पूजा का सामान नारियल, चुनरी, घर की सजावट का सामान और डांडिया नाइट के लिए विशेष आउटफिट्स आदि शामिल है। इस शारदीय नवरात्रि की शहर में जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। श्रद्धालु भक्तों ने पूजा सामग्री और खाद्य सामग्रियों की खरीदारी तेज कर दी है। इससे बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। वहीं देवी मंदिरों की सजावट का काम चल रहा है। इससे डेकोरेटिव आयटमों की डिमाण्ड बढ़ गई है। नवरात्रि से पहले ही बाजारों में जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है। पूजा सामग्री खरीदने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। खरीदारों की भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



### मंगाए जाएंगे महानगरों से फूल

नवरात्रि में सबसे ज्यादा मांग फूल एवं फूल से तैयार माला की होती है। इसे देखते हुए फूल व्यवसायी महानगरों से फूल मंगाने ऑर्डर करने लगे हैं। उनका कहना है कि नवरात्रि जैसे पर्व में श्रद्धालुओं को हर तरह के फूल आसानी से उपलब्ध कराने उनका प्रयास रहता है। ज्यादातर गेंदे के फूल व मदार की मांग रहती है। जिसे लोकल स्तर पर फूल उत्पादक किसानों से खरीदी जाएगी।

### घर, मंदिर में होगी कलश स्थापना

नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालु अपने घर में भी कलश की स्थापना कर देवी की आराधना करते हैं। वहीं देवी मंदिरों में विधि-विधान से कलश प्रज्ज्वलन का विधान है। यही वजह है कि लोग कलश स्थापना की तैयारी में जुट गए हैं। दुकानों से कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी और कपूर जैसी पूजा सामग्री खरीदी जा रही है। नवरात्रि के नौ दिनों के व्रत को देखते हुए कुट्टू आटा, फल और अन्य व्रत सामग्री की दुकानें भी सज गई है।

### कपड़ा बाजार भी गुलजार

नवरात्रि में ग्राहकों की चहल पहल से कपड़ा बाजार गुलजार होने लगा है। लोग देवी के लिए लाल चुनरी, साड़ी के साथ ही पूजा वैगरह करने लाल, पीली साड़ी की भी खरीददारी कर रहे हैं। श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित श्री साड़ी संसार में आकर्षक डिजाइनों में साड़ी, सलवार सूट बिक्री के लिए उतारी गई है। जिसे ग्राहक काफी पसंद कर रहे हैं।



# अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा आज

अग्रवाल समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, अग्रवाल सभा अग्रवाल जयंती समारोह समिति, अग्रवाल नवयुवक समिति, तथा अग्रवाल महिला समिति अग्रसेन शिक्षण समिति अग्रोहा भवन समिति अग्रसेन भवन समिति अग्रवाल सेवा समिति के द्वारा शोभायात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए हैं। अग्रसेन चौक में आकर्षक लाईटों से सजावट की गई है। अग्रसेन भवन को सजाया गया है, अग्रवाल समाज के तीन हजार 3 हजार लोग शोभायात्रा में शामिल होंगे।



जगह-जगह होगा स्वागत




### 500 महिलाओं ने खेला हाउजी

अग्रवाल महिला समिति के द्वारा अग्रसेन भवन में फौजी का आयोजन किया गया जिसमें 500 महिलाओं ने मनोरंजन के साथ हौजी खेल तथा सामूहिक नृत्य भीकिया। अग्रवाल महिला समिति के अध्यक्ष रंजन अग्रवाल तथा सचिव वंदना जाजोदिया ने महिलाओं का उत्साह वर्धन बढ़ाया। और कहाकी आज अग्रसेन जयंतीपर शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्यामें महिलाएं परिवार समेत शामिल होंगे। इस बार अग्रसेन जयंती समारोह पर अग्रवाल महिला समिति तथा अग्रवाल में विवेक समिति के द्वारा अनेक आयोजन किए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अग्रवाल समाज के शिव अग्रवाल, सुनील संथालिया, चतुर्भुज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल मनीष अग्रवाल महेश अग्रवाल सुनील सुल्तानिया आनंद अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल मोनिल निशानियां कपिल जाजोदिया अन्य बजाज महिला समिति के अध्यक्ष रंजना अग्रवाल,वंदना जाजोदिया, मधु बगड़िया ने सहित समाज के लोग मौजूद होंगे। यह शोभा यात्रा शनिवार दोपहर 3 बजे लखीराम ऑडिटोरियम से अग्रवाल समाज के द्वारा शोभायात्रा निकाल जाएगी। शोभायात्रा सदर बाजार होत्ते हुए गोल बाजार, तेलीपारा, अग्रसेन मार्ग, अग्रसेन चौक पहुंचेगी। महाराजा अग्रसेन की जीवनी पर आधारित आकर्षक झांकियां भी शोभायात्रामें होगी। जिसमें आकर्षक झांकी, सजावट समाज की संस्कृति दिखेंगी। शोभायात्रा में अग्रवाल समाज के महिलाएं पुरुष बच्चे युवा एक ड्रेस कोड में दिखाई देंगे। पुरुषों के लिए परम्परागत कुर्ता-पायजामा में, महिलाएं साड़ी में बालक-बालिका अपने संस्कार की छवि प्रस्तुत करेंगे।

स्वागत के साथ-साथ जगह-जगह भोग प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। मिष्ठान वितरण किया जाएगा। शोभायात्रा का स्वागत करने सामाजिक बंधु अपने प्रतिष्ठान के सामने कालूराम रामनारायण चौधरी परिवार, श्री विष्णु धिडेवाल लक्ष्मी एजेंसी, राधेश्याम अग्रवाल मनीष ट्रेडिंग कंपनी, विष्णु मुरारका शारदा एजेंसी, तेलीपारा रोड, सुनील मुरारका महालक्ष्मी एजेंसी, तेलीपारा, गणेश अग्रवाल गणेश ट्रेडिंग कंपनी, समीर महेंद्र ,हर्षित, मेडिकल कंपलेक्स तेलीपारा, बमोलिया इलेक्ट्रिकल्स तेलीपारा, निखिल अग्रवाल भारत होजरी, अनूप जैन एवं साथी, राणी सती इलेक्ट्रिकल्स, अनूप जैन एवं साथी मारवाड़ी युवा मंच,छत्तीसगढ़ युवा क्रांति महिला , शाखा बिलासपुर, वंदना अंशुल , विभिन्न सामाजिक संगठन,के द्वारा शहर के मुख्य मार्ग में शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा पुष्प वर्षा की जाएगी मिष्ठान एवं जलपान का इंतजाम भी अग्रवाल समाज के स्वागत करने वाले सामाजिक बांधुओ के द्वारा किया गया है।

शिव अग्रवाल चतुर्भुज अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती पर 22 सितंबर सोमवार को शहर में 10 से अधिक जगह पर भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। अग्रसेन जयंती समारोह का मुख्य कार्यक्रम विधायक अमर अग्रवाल जी की मुख्य अतिथि में श्रीकांत वर्मा मार्ग कुंदन पैलेस में होगा।




# आदर्श वही जो जीवन को दिशा दे, न कि भटकाए : स्वाति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर की मुख्य शाखा राजयोग भवन, टेलीफोन एक्सचेंज रोड के तत्वावधान में आज आयुर्वैदिक कॉलेज परिसर में विशेष व्यसन मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, संकाय सदस्य, चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी थीं, जिन्होंने अपने प्रेरक संबोधन से उपस्थित सभी को व्यसन के दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया।

बीके स्वाति दीदी ने कहा कि व्यसन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि उसके मानसिक संतुलन, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी प्रभावित करता है। व्यसन ऐसा दलदल है जिसमें व्यक्ति धीरे-धीरे फंसता चला जाता है और जब तक उसे इसका एहसास होता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। उन्होंने कहा कि व्यसन बिजली की तरह शरीर की समस्त शक्ति और खून को चूस लेता है। धीरे-धीरे यह शरीर, मन और आत्मबल को नष्ट कर देता है और व्यक्ति को निर्बल, परनिर्भर और असहाय बना देता है। उन्होंने व्यसनग्रस्त लोगों की मानसिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यसनी हमेशा यह सोचता है कि वह जब चाहे तब व्यसन छोड़ सकता है, लेकिन यह सोच एक भ्रम है। व्यसन ऐसा जाल है जो व्यक्ति की इच्छा शक्ति को कमजोर कर देता है और वह चाहकर भी इससे निकल नहीं पाता। इसीलिए जरूरत है कि शुरुआत से ही व्यक्ति व्यसन के झांसे में न आए और अपने जीवन को स्वस्थ, संयमित और सकारात्मक बनाए। युवाओं को संबोधित करते हुए बीके स्वाति दीदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अक्सर फिल्मी सितारों, क्रिकेटरों और सोशल मीडिया पर दिखने वाले चमकदार चेहरों को अपना आदर्श मानने लगी है। लेकिन यह जरूरी नहीं कि जिनसे हम प्रभावित हैं, वे अपने निजी जीवन में भी अनुकरणीय हों। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन के सच्चे आदर्श हमारे माता-पिता, शिक्षक और वे लोग होने चाहिए जो हमें नैतिकता, संयम और सच्चाई के संस्कार देते हैं। केवल नाम, शोहरत और ग्लैमर को देखकर किसी को आदर्श नहीं बनाना चाहिए। दीदी ने कहा कि व्यसनमुक्त जीवन के लिए सबसे प्रभावी साधन है आत्मसाक्षात्कार और राजयोग ध्यान। नियमित ध्यान और सकारात्मक संगति व्यक्ति को आंतरिक शक्ति प्रदान करते हैं, जिससे वह व्यसन जैसी कमजोरियों से स्वतः मुक्त हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यसन केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती है। यदि हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ और सशक्त बनें तो हमें व्यसन के खिलाफ एकजुट होकर काम करना होगा।

कॉलेज प्रशासन ने ब्रह्माकुमारी संस्था का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं के चरित्र निर्माण और समाज को स्वस्थ दिशा देने के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। साथ ही आशा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और समाज के सभी वर्ग मिलकर व्यसनमुक्त समाज के निर्माण में योगदान देंगे।

गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज में एम्प्लायबिलिटी स्किल ट्रेनिंग

# इंजीनियरिंग के छात्रों को व्यक्तित्व विकास समेत समय व तनाव प्रबंधन की दी गई ट्रेनिंग

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कोनी बिलासपुर में महिंद्रा राइज के सहयोग से नांदी फाउंडेशन द्वारा 10 दिवसीय एम्प्लायबिलिटी स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम 8 से लेकर 18 सितंबर तक चला, जिसमें कालेज के तृतीय व चतुर्थ वर्ष के 80 छात्राओं ने पंजीयन कराया था।

इस ट्रेनिंग के दौरान इंजीनियरिंग के छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, सीवी निर्माण संचार कौशल तथा विभिन्न कैरियर विकल्पों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया गया। इसमें प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न गतिविधियों और अभ्यासों के माध्यम से छात्राओं को आत्मविश्वास विकसित करने, समय प्रबंधन करने और कार्यस्थल की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया गया। छात्राओं ने इन सत्रों को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने भविष्य के कैरियर पथ के लिए स्पष्ट दिशा मिली है। यह कार्यक्रम इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य डॉ. एसके सिंघाई के मार्गदर्शन तथा प्रो. संदीप कुमार साहू व प्रो. सोनिया वाधवा के समन्वयन में संस्था के सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग एवं प्रशिक्षु छात्राओं की उपस्थिति मे आयोजित किया गया और प्रशिक्षण सत्रों का संचालन नांदी फाउंडेशन के ट्रेनर अंकित कपूर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण पत्र एवं पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग कालेज के प्रभारी प्राचार्य एवं यांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जीके अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास और रोजगारोन्मुख कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज बिलासपुर और नांदी फाउंडेशन का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं को ऐसे जीवन कौशल प्रदान करना है जो उन्हें एक आत्मविश्वासी और सक्षम प्रोफेशनल के रूप में स्थापित कर सकें।





## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से बच्ची की मौत, मर्ग कायम



**बिलासपुर।** पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ओखर गांव में सर्पदंश से ढाई साल के बच्ची की मौत हो गई है। जहरीले सांप ने घर में सोती हुई मासूम बच्ची को अपने जहर का शिकार बना लिया है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। बताया जा रहा है कि मीना पटेल व परिजन खाना खाकर सो रहे थे, करीब ढाई बजे बच्ची रोने लगी। परिजनों ने उठकर देखा उसे सांप ने डंस लिया था, परिजन तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की। इस दौरान समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से परिजन हताश हो गए जैसे तैसे निजी वाहन का इंतजाम कर उसे सिम्स अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले में मृग कायम कर लिया है।

### सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र के लगरा में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी जेवर और नकदी रकम पार कर दिया। घटना की सूचना पीड़ित ने सरकंडा थाने में दर्ज है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकंडा क्षेत्र के ग्राम लगरा में रहने वाले लालकुमार केंवट मजदूर है। गुरुवार की सुबह वह घर में ताला लगाकर परिवार के साथ सत्संग केंद्र में काम करने गया था। दोपहर करीब दो बजे घर आया तब उनके घर का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाने पर सामान बिखरा हुआ था। पेटी का हुक भी टूटा हुआ था। उसमें रखे छोटे पर्स से सोने का मंगलसूत्र और पायल चोरी हो चुका था। साथ ही 15 हजार भी गायब थे। पीड़ित ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस ने आसपास रहने वालों से पूछताछ कर संदेहियों की जानकारी जुटा रही है।

### सिरगिट्टी क्षेत्र में सट्टा लगाते दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र के बन्नाक चौक पर वाट्सएप और कापी में सट्टा-पट्टी लिख रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से मोबाइल और नकदी रकम जब्त की गई है। सटोरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सिरगिट्टी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि दो लोग बन्नाक चौक के पास दुकान के सामने खड़े रहकर सट्टा-पट्टी लिख रहे हैं। पुलिस की टीम ने घेराबंदी की। जवानों को देखते ही वहां खड़े लोग भाग गए। पुलिस ने मौके से आवासपारा परसदा निवासी रवि कुमार केंवट(24) और शीतला मंदिर दलायबंद निवासी मुकेश गांधी(53) को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों के मोबाइल चेक किया, रवि कुमार वाट्सएप पर सट्टे का दांव लगा रहा था। वहीं, मुकेश कागज पर सट्टे की रकम लिख रहा था। दोनों के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल और नकदी रकम के साथ ही सट्टा-पट्टी जब्त किया है।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**डेढ़ साल बाद भी हालत जस की तस** | **कोनी स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बन रहा 49 लाख का केज**

# अधूरा काम छोड़कर ठेकेदार एक साल से नदारद, अब दूसरे को मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी स्थित पशुपालन विभाग के कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया जा रहा 49 लाख रूपए का मुर्गी केज बीते डेढ़ साल से अधूरा है। पशुपालन विभाग के अनुसार ठेकेदार ने कॉलम खड़ा किया है व बीते एक साल से नदारद है। पीडब्ल्यूडी अब ठेकेदार को बदलकर जल्द से जल्द निर्माण पूरा करने की तैयारी कर रहा है।

उन्नत नस्ल के मुर्गे व मुर्गियां तैयार करने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग द्वारा कोनी में स्थापित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र बीते दस सालों से केज की समस्या से जूझ रहा है। प्रक्षेत्र में मुर्गे, मुर्गियों, बतख व बटेर को मिलाकर करीब 56 सौ पक्षियों के स्टॉक का रेश्यो मेंटेन किया जाता है। यहां टूटे केज के सुधार व नए निर्माण के लिए लगातार शासन से मांग करने के बाद भी कोई प्रगति नहीं है। बीते वर्षों में शासन द्वारा प्रक्षेत्र के लिए 12 सौ मुर्गियों की क्षमता वाले एक मुर्गी केज निर्माण को स्वीकृति दी गई थी। इस कार्य का ठेका बुद्धा कंस्ट्रक्शन्स को दिया गया था।



ठेकेदार द्वारा ढेड़ साल पहले कार्य प्रारंभ किया गया था, जिसके अंतर्गत अब तक सिर्फ केज के लिए पिलर ही खड़ा किया जा सका है। ठेकेदार द्वारा इतना करने के बाद इस काम को जस का तस छोड़ दिया गया है, जिससे प्रक्षेत्र के प्रबंधक द्वारा कार्य पूर्ण कराने बार-बार पीडब्ल्यूडी को पत्र भेजा जा रहा है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य अधूरा छोड़ देने की जानकारी है, जिससे अब इस कार्य को किसी अन्य ठेकेदार नियुक्त करते हुए पूरा कराने की तैयारी की जा रही है।

### पूरा कराएंगे काम

कोनी स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में मुर्गियों के लिए एक केज बनाया जाना है, लेकिन ठेकेदार लंबे समय से कार्य में दिलचस्पी नहीं ले रहा है। इस बात की जानकारी मुझे भी है। ठेकेदार को बदलकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करवा लेंगे।

**-सीएस विंध्यराज**
ईई पीडब्ल्यूडी

**बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने इस बारे में पहल की और निरीक्षण किया**

# महीनों से बंद पड़ी 6 सिटी बसों की 22 लाख में होगी मरम्मत, तीन रूटों पर दौड़ेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

25 करोड़ में खरीदीं गईं 50 सिटी बसें कंडम हो गईं हैं और अब निगम इसकी नीलामी करने वाला है। दूसरी ओर ई बसों के आने में अभी देरी हो रही। इस लिहाज से फिलहाल 6 बसों के संचालन का फैसला लिया गया है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने इस बारे में पहल की है और क्षेत्र की तीन रूटों पर बस चलाने कहा है। महीनें से बंद पड़ी इन बसों की मरम्मत के लिए 22 लाख रुपए की स्वीकृति भी की गई है। पहले चरण में 12 लाख रुपए में 3 बसें तैयार हो गईं हैं और जल्द ही सड़कों पर दौड़ने लगेंगी। बाकी तीन बसों में भी सुधार जारी है।

- ई बसों के आने में अभी देरी हो रही
- कंडम सिटी बसों की नीलामी की जाएगी

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में तीन रूटों में बस चलाने के बारे में फैसला लिया गया है। इसमें पहला रूट बेलतरा से पौंसरा, रानीगांव, सेंदरी से होकर रेलवे स्टेशन तक, दूसरा बेलतरा से पौंसरा, सैदा होते हुए रेलवे स्टेशन तक और तीसरा बेलतरा से नेवरा, मटियारी, राजकिशोरनगर, छठ घाट होते हुए रेलवे स्टेशन तक है। इन तीन रुटों पर 6 बसें चलाईं जाएंगी। इसके लिए पुरानी बसों को ही ठीक किया जा रहा है जिससे की लोगों को आवागमन के लिए आसान और सस्ता साधन उपलब्ध हो सके। विधायक श्री शुक्ला के मुताबिक एक नवंबर से बसे शहर में दौड़ने लगे इसके प्रयास किए जा रहे हैं।



सिटी बस डिपो का निरीक्षण करने पहुंचे बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला। इनसेट में कोनी में ई बसों के लिए बनाया जा रहा चार्जिंग पाइंट।

### दुर्गाम्बा कंपनी की 1.22 करोड़ की राशि भी राजसात

गौरतलब है कि शहरवासियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए राज्य शासन ने बिलासपुर शहरी यातायात सोसायटी का गठन करते हुए बिलासपुर शहर में 50 बसों का संचालन सन 2016 में शुरू किया था। बसों का संचालन शासन स्तर पर बैंगलोर की दुर्गाम्बा सर्विस ठेका कंपनी को दिया गया था। ठेका कंपनी के मालिक की मृत्यु के बाद और कोरोना कॉल शुरू होने के साथ ही बसों के पहिए थम गए थे। ध्यान रहे कि उस वक्त बिलासपुर में कबाड़ हो रही 50 सिटी बसों को संचालित करने के लिए 1.26 करोड़ रुपए खर्च करने का एस्टीमेट बनाया गया। बसों का संचालन नहीं होने और मरम्मत नहीं होने पर दुर्गाम्बा कंपनी की 1.22 करोड़ की राशि भी राजसात कर ली गई है।

### पहिए गायब, कई बसों में झाड़ियां तक उग आईं

वर्तमान में 40 नॉन एसी और 10 एसी बसें लगभग कंडम हो चुकी हैं। हाल तो यह है कि बसों के पहिए गायब हैं और कई बसों में झाड़ियां तक उग आई हैं। डिपो में खड़ी की गई कई बसों के कांच टूटे हैं। तकनीकी खराबी के कारण बसों से ऑइल जमीन पर फैला पड़ा है। रखरखाव नहीं होने के कारण कई बसों की स्थिति कबाड़ हो चुकी है। नगर निगम अधिकारी और जोन कमिश्नर कार्यालय होने के बाद भी बसों की ओर नगर निगम ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। डिपो में कई बसें ऐसी भी हैं जो कई सालों से बिगडने के कारण डिपो में खड़ी कर दी गई है। इन बसों को देखने से ऐसा लगता है कि कोई बड़ी खराबी नहीं है, लेकिन बसों के कई साल से खड़े होने के कारण बस के अंदर ड्राइवर सीट के पास गेयर बाक्स के अंदर से झाड़ियां तक उग आई हैं।

### टैक्स भी नहीं पटा इंश्योरेंस फिटनेस लेप्स

फिलहाल देखा जाए तो शहर और उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 साल पुरानी हो चुकी जर्जर सिटी बसों सड़कों पर दौड़ रही हैं। हांफ रही ये बसें हिचकोले खाती हुई किसी तरह चल रही हैं। इसे 16 मार्गों पर चलाया जाना था, लेकिन इसे कुछ चुनिंदा मार्गों पर 9 बसें ही संचालित हो रही हैं। ध्यान रहे कि 40 बसें चलनी थीं, लेकिन ठेका कंपनी ने घाटे का सौदा बताते हुए सभी को बंद कर दिया है। सबसे बड़ी बात की जो बसें अभी सड़कों पर दौड़ रही हैं, उनका न तो इंश्योरेंस करा है और ना ही फिटनेस सर्टिफिकेट है। पाल्यूशन जांच भी सालों से नहीं हुई है और गाड़ियां प्रदूषण फैला रही हैं। इसके साथ ही इन गाड़ियों का टैक्स भी 2023 के बाद से नहीं पटाया गया है।

### तीन रूटों पर चलेंगी बसें

तीन रुटों पर 6 बसें चलाईं जाएंगी। इसके लिए पुरानी बसों को ही ठीक किया जा रहा है जिससे की लोगों को आवागमन के लिए आसान और सस्ता साधन उपलब्ध हो सके। एक नवंबर से बसे शहर में दौड़ने लगे इसके प्रयास किए जा रहे हैं। बंद पड़ी इन बसों की मरम्मत के लिए 22 लाख रुपए की स्वीकृति भी की गई है।

**- सुशांत शुक्ला**, बेलतरा विधायक

### चलेंगी ई बसें

शहर में चल रही बसों की 10 साल की अवधि समाप्त हो गई है। इसलिए आरटीओ के नियमानुसार इन्हें सड़क पर उतारना ठीक नहीं होगा। जो बसें खराब हो गईं हैं उनका आक्शन किया जाएगा। इन्हें चलन से बाहर किया जाना है। शहर में जल्द ही ई बसें संचालित होंगी।

**- अनुपम तिवारी**
नोडल अधिकारी

# बिलासपुर प्रेस क्लब के दिलीप अध्यक्ष, संदीप सचिव निर्वाचित

### शुक्रवार को मतदान के बाद देर शाम आए नतीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिलीप यादव बिलासपुर प्रेस क्लब के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने विकास पैनल के प्रत्याशी अजीत मिश्रा को 86 मतों से पराजित किया है। इसी तरह विकास पैनल से सचिव पद के प्रत्याशी संदीप करिहार ने आशीर्वाद पैनल के प्रत्याशी रवि शुक्ला को 18 मतों से पराजित कर जीत हासिल की।

बिलासपुर प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए शुक्रवार को ईदगाह स्थित प्रेस ट्रस्ट भवन में छह पदों के लिए मतदान कराया गया। इस दौरान पूरे दिन गहमागहमी की स्थिति बनी रही। आशीर्वाद पैनल अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा करता रहा, वहीं विकास पैनल भी सारे पदों पर अपनी जीत का दावा करता नजर आया। मतदान दोपहर बारह बजे से प्रारंभ होकर शाम पांच बजे तक चला। इसके अंतर्गत प्रेस क्लब के कुल 563 मतदाताओं में से 496 ने मतदान किया। इसके बाद शाम सात बजे से वोटों की गिनती प्रारंभ की गई। घोषित परिणामों के अनुसार प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष के रूप में गोपी डे, लोकेश वाघमारे को कोषाध्यक्ष, रमेश राजपूत सहसचिव एवं कैलाश यादव को कार्यकारिणी सदस्य के पद पर जीत हासिल हुई है।

# बाइक से स्टंट करने वालों और बिना नंबर के वाहनों पर कार्रवाई



**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में थाना सिविल लाइन बल एवं बाइक पेट्रोलिंग टीम ने मिलकर चिन्हांकित कर ऐसे बाइक सवारों को पकड़ा जो स्टंट कर रहे थे अथवा बिना नंबर की गाड़ियों का उपयोग कर रहे थे। इसमें रितेश मोहन पिता स्व. रंजीत दास निवासी पत्थलगांव जशपुर बाइक एनएक्स 400 पल्सर क्रमांक सीजी-14 एमयू 1413, विकास चौहान पिता मोहन कुमार चौहान, निवासी लैलुंगा, राजपुर, रायगढ़ बाइक एनएक्स 400 पल्सर क्रमांक सीजी-14 एमव्ही 3134 को जब्त किया गया। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार 19 सितंबर को न्यू रिवर व्यू क्षेत्र में दोनों आरोपी एनएक्स 400 बजाज पल्सर मोटरसाइकिल से स्वयं एवं अन्य लोगों के जीवन को संकट में डालते हुए खतरनाक स्टंट करते पाए गए। आरोपियों के विरुद्ध धारा 281, 3(5) बीएनएस एवं 184, 189 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। इसके अतिरिक्त रिवर व्यू में 3 मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के पाई गईं, जिनके संबंध में मौके पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए इन्हें धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त किया गया। पुलिस द्वारा लगातार इस प्रकार की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# तेज रफ्तार कार ने स्कूल जा रही छात्रा को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा क्षेत्र के बहतराई अटल चौक के पास तेज रफ्तार कार के ड्राइवर ने स्कूल जा रही छात्रा को टक्कर मार दी। टक्कर मारकर अनियंत्रित कार सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में छात्रा के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर कार का ड्राइवर वाहन छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी फरार ड्राइवर की तलाश कर रही है।

सरकंडा क्षेत्र के बहतराई रामायण चौक में रहने वाले दीनू साहू किसान हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की दोपहर उनकी भतीजी वर्षा साहू स्कूल जा रही थी। छात्रा बहतराई अटल चौक के पास पहुंची थी। तभी तेज रफ्तार कार के ड्राइवर ने छात्रा को टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा के पैर और चेहरे में चोटे आई। इधर छात्रा को टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।



घायल छात्रा।

दिनदहाड़ हुई दुर्घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए और बच्ची को बचाने लगे। इस दौरान मौका पाकर ड्राइवर भाग खड़ा हुआ। लोगों ने दुर्घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सरकंडा थाने में घटना की शिकायत की गई है, पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 15 लीटर शराब जब्त

**बिलासपुर।** कोनी पुलिस ने अवैध शराब ले जाते एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 15 लीटर अवैध शराब और एक बाइक जब्त की गई है। गुरूवार 18 सितंबर को सूचना मिली कि ग्राम निरतू में एक व्यक्ति अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब लेकर तुर्काडीह जा रहा है। तुर्काडीह चौक के पास पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब व बाइक जब्त किया है। पुलिस ने मामले में निरतु आवासपारा निवासी चिंता राम सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सर्वर ठप, जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में भर्राशाही हावी है। तकनीकी दिक्कतों के चलते शुक्रवार को सर्वर खराब हो गया।

इस दौरान एमआरडी में मरीजों की काफी भीड़ थी, सर्वर खराब होने के कारण आपरेटर को मैनुअल पर्ची काटनी पड़ी। जिसमें घंटों समय लगता रहा, इस दौरान गंभीर मरीजों को भी लाइन में खड़ा रहना पड़ा। शुक्रवार की सुबह से ही जिला अस्पताल का सर्वर खराब रहा, इस दौरान जिला अस्पताल और मातृ शिशु अस्पताल में जबरदस्त भीड़ रही। काउंटर के सामने सैकड़ों लोग पर्ची कटाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन आपरेटर द्वारा मैनुअल पर्ची काटी जा रही थी, ऐसे में मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खास बात यह है कि प्रबंधन को इसकी जानकारी होने के बाद भी महज एक ही आपरेटर के भरोसे पर्ची काटी जाती रही, जबकि प्रबंधन द्वारा हाल ही में कई आपरेटर को भर्ती किया गया है, उन्हें जबरिया किसी अन्य कार्य में लगाया गया है, जिसके चलते शुक्रवार को यह नौबत देखने को मिली। बताया जा रहा है कि कलेक्टर दर में नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर को स्टोर कीपर, पंप आपरेटर और अन्य कामों में लगा दिया जाता है, जिससे काउंटर में कम्प्यूटर आपरेटर की कमी है।

# कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर



**बिलासपुर।** रांग साइड लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क से दूर जाकर गिरा। इस दौरान बाइक सवार को पैर हाथ में चोट आई और बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायल बाइक सवार ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया है। मामला सिरगिट्टी थाने का है।

पुलिस के अनुसार डड़हा चकरभाठा निवासी वासुदेव लोधी पिता प्रकाश कुमार लोधी महिन्द्रा शोरू में पेंटिंग का काम करता है। 16 सितंबर की सुबह 10 बजे वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 बीके 5989 से शो रूम जा रहा था। नर्मदा कोल्डड्रिंक्स के पास रांग साइड से आ रही इको क्रमांक सीजी 10 बीएन 2199 के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलता हुए बाइक सवार को ठोकर मार दी। इससे चालक के बांये पैर घुटना, दाहिने हाथ कलाई में चोट आई है। इस दौरान बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। घटना के बाद कमलेश लोनिया, राहुल लोधी ने उन्हें उठाकर सिम्स अस्पताल में भर्ती किया। 18 सितंबर को सिम्स अस्पताल ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया है। चालक ने शुक्रवार को घटना की रिपोर्ट सिरगिट्टी थाने में दर्ज कराई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884

सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
30 अक्टूबर 2025
20 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
11 जनवरी 2026
मकर संक्रांति स्नान
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 26.4 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




चौराहों पर लेफ्ट साइड जाने वालों के लिए लगाए गए संकेतक टूटने लगे हैं।

## खबर संक्षेप

### शिविरों में बनेंगे अपार आभा आईडी आज

**बिलासपुर।** जिले में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 20 सितम्बर को अपार एवं आभा आईडी बनाने के लिए शिविर लगाया जाएगा। 21 सितम्बर को गर्भवती महिलाओं का वजन एवं हिमोग्लोबीन के स्तर की जानकारी एंट्री की जाएगी। 22 सितम्बर को 3 से 6 साल तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, चित्रकारी एवं खिलौना निर्माण एवं पोषण संबंधी जागरूकता, शालाओं एवं बाल देखरेख संस्थाओं में पोषण संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता होगी। 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक विकास पर माता-पिता केन्द्रित गतिविधियां, पोस्टर स्लोगन बैनर के माध्यम से पोषण भी-पढ़ाई भी थीम का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### आईटीआई कोटा में प्रवेश आवेदन कल तक

**बिलासपुर।** शासकीय आईटीआई कोटा में प्रवेश सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में संचालित एकवर्षीय व्यवसाय कोपा, स्टेनो हिन्दी तथा द्विवर्षीय व्यवसाय विद्युतकार, फिटर में प्रवेश के लिए पुनः ऑनलाइन आवेदन वेबसाईट cgiti.admissions.nic.in पर कर सकते है। इच्छुक आवेदक स्वयं अथवा किसी भी लोक सेवा केंद्र से उक्त पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी कार्यालय में उपस्थित होकर एवं वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

### स्मार्ट सिटी द्वारा सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सामने बड़ा प्रोजेक्ट लांच किया जा रहा

# पौने 3 एकड़ की जमीन पर कोनी में बनेगा यूथ हब, टर्फ क्रिकेट के साथ वेंडिंग जोन भी बनेगा

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

**34000 वर्ग फीट में ओपन पार्किंग रहेगी, 37 हजार वर्गफीट का मेमोरियल स्टेच्यू**

खास खबर

स्मार्ट सिटी बिलासपुर द्वारा कोनी में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सामने बड़ा प्रोजेक्ट लांच किया जा रहा है। लगभग पौने 3 एकड़ की इस पर जमीन यूथ हब बनाया जाएगा। इसके लिए प्रारंभिक तौर पर 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत 2 क्रिकेट पिच (टर्फ पिच) नेट के साथ बनाया जाएगा तो वेंडिंग जोन, चौपाटी भी रहेगा। इसके साथ ही 34000 वर्ग फीट में ओपन पार्किंग रहेगी। इसके साथ ही स्थानीय सब्जी व्यापारियों के साथ ही सभी के लिए बड़ा सब्जी बाजार भी बनेगा। स्मार्ट सिटी द्वारा बनाई गई योजना के मुताबिक इस पूरे प्रोजेक्ट में लैंड स्कैपिंग रहेगा के साथ पाथ वे रहेगा। इनके बीच 37 हजार वर्गफीट का मेमोरियल स्टेच्यू रहेगा। साथ ही वेंडिंग जोन और चौपाटी बनेगी जिसमें लगभग 25 कियोस्क बनाए जाएंगे।

स्मार्ट सिटी के एमडी अमित कुमार ने बताया कि यूथ हब इसलिए बनाया जा रहा है जिससे की शहर के युवाओं को एक जगह पर सभी चीजें मिल सके। इसका प्रारंभिक ड्राइंग डिजाइन फाइनल कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कोनी एक तरह से शहर का एजुकेशन हब है, जहां रोजाना हजारो की संख्या में युवाओं की मौजूदगी रहती है और स्मार्ट सिटी द्वारा बनाया जा रहा यूथ हब युवाओं के लिए ही समर्पित रहेगा।



### खेल के साथ युवाओं को रोजगार भी मिलेगा

इस प्रोजेक्ट तहत नेट टर्फ क्रिकेट बनाया जाएगा जिसमें एक साथ तीन पिच रहेंगे। यहां खेल के साथ युवाओं को रोजगार भी मिलेंगे। कैंटिन के साथ ही छोटे रेस्टोरेंट के लिए जगह रहेगी। ज्ञात हो कि टर्फ क्रिकेट में कृत्रिम घास (आर्टिफिशियल टर्फ) वाली पिचों पर क्रिकेट खेलने का अभ्यास किया जाता है, जो आमतौर पर इनडोर या आउटडोर में लगे नेट वाले पिंजरे में होती है। इन नेट-पिंजरे का उद्देश्य गेंद को बाउंड्री से टकराकर बाहर जाने से रोकना होता है, जिससे अभ्यास के दौरान गेंद खोने का डर नहीं रहता है और खिलाड़ी बिना किसी व्यवधान के अभ्यास कर सकते हैं। खिलाड़ी नेट के अंदर और टर्फ पर अभ्यास करते हैं।




### स्वीकृत की गई है राशि

कोनी क्षेत्र में सुबह से रात तक युवाओं की भीड़ रहती है। यूथ हब बनने से उन्हें बेस्ट डेस्टिनेशन प्वाइंट मिलेगा और खेलने, घूमने से लेकर खाने पीने का सामान एक जगह एक साथ मिलेगा। लगभग पौने 3 एकड़ की इस पर जमीन यूथ हब बनाया जाएगा। इसके लिए प्रारंभिक तौर पर 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

- **अमित कुमार,** एमडी, स्मार्ट सिटी

### 20 हजार वर्गफीट में बनेगा सब्जी बाजार

इसके अलावा इस मैदान में सप्ताहिक सब्जी बाजार लगता है, इस बात को ध्यान में रखते हुए सब्जी सब्जी व्यापारियों के लिए सुव्यवस्थित सब्जी मार्केट तैयार किया जाएगा, ताकि व्यापारियों और नागरिकों की जरूरतें पूरी हों। अधिकारियों के मुताबिक इस सब्जी मार्केट में फ्लोरिंग एवं पेवर ब्लॉक लगाकर व्यवस्थित मार्किट 20 हजार वर्गफीट में तैयार किया जाएगा। गौरतलब है कि केपीएस स्कूल के बगल में सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर में हर सप्ताह साप्ताहिक बाजार सालों से लगाया जा रहा है। एक व्यवस्थित मार्केट की मांग काफी समय से की जा रही थी।

### युवाओं को मिलेगा बेस्ट डेस्टिनेशन प्वाइंट

स्मार्ट सिटी के मुताबिक सुबह से रात तक युवाओं की भीड़ इस क्षेत्र में रहती है, उन्हें बेस्ट डेस्टिनेशन प्वाइंट मिलेगा और खेलने, घूमने से लेकर खाने पीने का सामान एक जगह एक साथ मिलेगा। गौरतलब है कि मैदान के ठीक सामने कन्वेंशन सेंटर है, जो अपने आप में स्वयं एक रचनात्मक गतिविधि का केंद्र रहेगा, उसके पीछे यहां युवाओं की भागीदार बड़ी संख्या में रहेगी। उसके ठीक पीछे आकर्षक लैंड स्कैपिंग, गोल पाथवे, 2 टर्फ क्रिकेट पिच चौपाटी, युवाओं समेत आम नागरिकों के लिए मनोरंजन एवं क्वालिटी टाइम बिताने का उपयोगी और सर्वोत्तम स्थान मिलेगा।

## लीज होल्डर पर चार लाख जुर्माना

**बिलासपुर।** हावड़ा-शिरडी एक्सप्रेस की पार्सल बोगी में अधिक सामान लोड करने के मामले में रेल मंडल ने हावड़ा के लीज होल्डर पर चार लाख रुपये का जुर्माना किया है। यह कार्रवाई जोन की विजिलेंस टीम की रिपोर्ट के आधार पर हुई है।

यह मामला 12 सितंबर शुक्रवार का है। हावड़ा- शिरडी एक्सप्रेस ट्रेन में चार टन की जगह नौ टन पार्सल लोड किया गया। जिसे बिलासपुर में एक सब लीज होल्डर ने उतारा। यह पार्सल दिल्ली से कोलकाता के लिए बुक हुआ था। ट्रेन बिलासपुर पहुंची तो पांच टन पार्सल को जोन की विजिलेंस टीम ने जब्त किया है। जांच में पता चला कि ट्रेन की पार्सल बोगी को एडिलाजिस्टिक कंपनी हावड़ा ने लीज पर लिया है। बिलासपुर एक दूसरे सब लीज होल्डर को पार्सल उतारने का संदेश मिला। उसने बिना रेलकर्मियों के मौजूदगी के पांच टन पार्सल उतार लिया। बताया जा रहा है कि बोगी में नौ टन माल था। चार टन माल शिरडी चला गया। छानबीन पूरी होने के बाद विजिलेंस ने बिलासपुर रेल मंडल को रिपोर्ट सौंपी। इसी रिपोर्ट के आधार पर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग ने हावड़ा कंपनी के खिलाफ चार लाख रुपये जुर्माना किया है।


TVS

WE ARE HIRING
(WALK-IN INTERVIEW)

"जुड़िए TVS की नई डीलरशिप के साथ और बनाये अपनी नई पहचान"

| DEPARTMENTS | POSITIONS | No. | SKILL REQUIRED |
|---|---|---|---|
| SALES | SALES MANAGER | 1 | EXPERIENCED (3 yr.) |
| SALES | SALES CONSULTANT | 7 | EXPERIENCED (1 yr.) |
| SALES | CUSTOMER RELATIONSHIP EXECUTIVE/FDI | 1 | EXPERIENCED (1 yr.) Female |
| SALES | DIGITAL CRE | 1 | EXPERIENCED (1 yr.) Female |
| SALES | BILLING/RTO/INSURANCE | 2 | EXPERIENCED (1 yr.) |
| SALES | CASHIER | 1 | FRESHER |
| SALES | ACCOUNTS MANAGER | 1 | EXPERIENCED (3 yr.) |
| SERVICE | SERVICE MANAGER | 1 | EXPERIENCED (3 yr.) |
| SERVICE | SERVICE ADVISOR | 2 | EXPERIENCED (1 yr.) |
| SERVICE | EV SERVICE ADVISOR | 1 | EXPERIENCED (1 yr.) |
| SERVICE | PARTS MANAGER | 1 | EXPERIENCED (3 yr.) |
| SERVICE | PARTS ASSISTANT | 1 | EXPERIENCED (1 yr.) |
| SERVICE | CUSTOMER RELATIONSHIP EXECUTIVE | 2 | EXPERIENCED (1 yr.) |
| SERVICE | RECEPTIONIST/BILLING | 1 | EXPERIENCED (1 yr.) |
| SERVICE | TECHNICIAN | 6 | EXPERIENCED (1 yr.) |
| SERVICE | PDI TECHNICIAN | 2 | EXPERIENCED (1 yr.) |
| SERVICE | WASHING BOY | 2 | FRESHER |
| SERVICE | FLOOR SUPERVISOR | 1 | EXPERIENCED (1 yr.) |
| SERVICE | CASHIER | 1 | FRESHER |

GURUNANAK AUTOVENTURES PRIVATE LIMITED

DATE : SEPTEMBER-21/ SUNDAY, 1:00 PM- 4 PM

For more details contact/ Send C.V. : 95224 65000

Interview address: Infront of ramaworld, beside hotel patricians , Tifra road ,Bilaspur ,CG



ORA MAKERS
Own your real asset.

Presents

New Town
Own it!

A NEW ADDRESS
of
LUXURY AND LIFESTYLE

Premium Township of Developed Plots
& 2, 3, 4, 5 BHK Royal Bunglows

Stay tuned...for detailed information

98931 13444/ 98931 28333

New Town Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur ( C.G.)

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

खबर संक्षेप

## बहतराई में अग्रसेन महाराज की भव्य जयंती समारोह कल



बिलासपुर। अग्रहरि वैश्य समाज के तत्वावधान में 21 सितंबर को सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक बहतराई स्थित अग्रहरि भवन में 1008 श्री अग्रसेन महाराज की भव्य जयंती समारोह मनाने की जोरदार तैयारी चल रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अग्रहरि भवन बहतराई का लोकार्पण होगा। द्वितीय चरण में नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह तीसरे चरण में महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों के विभिन्न कार्यक्रम खेल स्पर्धा, डांस, गायन के साथ साथ प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान एवं विविध कार्यक्रम होंगे। तत्पश्चात संध्या 5 बजे से प्रगति प्रिया अग्रहरि म्यूजिकल बैंड द्वारा संगीत संध्या भजन एवं गरबा कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। समाज के पदाधिकारियों द्वारा घर घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित बिलासपुर जोन स्थित सभी अग्रहरि परिवार से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया जा रहा है। यह जानकारी अध्यक्ष सतीश शाह और महासचिव शरद सक्सेना ने दी।

## महामाया आईटीआई में विराजे देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा



बिलासपुर। महामाया आईटीआई ख़मतराई में विश्वकर्मा पूजन धूमधाम से मनाया गया। संस्था की संचालिका संतोषी साहू एवं सचिव एस एल साहू ने भगवान श्री विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर आईटीआई में सभी प्रकार के औजारों का पूजन किया गया। विश्व के रचयिता देव शिल्पी श्री विश्वकर्मा भगवान ही संपूर्ण विश्व के रचयिता है। संस्थान में प्रतिवर्ष बड़े ही धूमधाम से पूजन किया जाता है। इस मौके पर संस्थान के प्रवीण साहू, पी एस राठौर, राजेश साहू ज्ञान चंद्र साहू,मनोज गौरव, ज्ञानेश्वर बरगाह,ठाकुर सिंह दिनकर,वीरेंद्र रात्रे,अरुण कमल सेन, अजय यादव, अभिनय कमल, बलराम साहू कृष्णा साहू, सुनील दास, रजत कमल, विजय चंद्राकर, सरिता साहू, सुनीता साहू, अनीता बरेठ, आदि उपस्थित रहे।

## टाह ने किया दृष्टि बाधित एवं मूक बधिर स्कूल में फल व स्वल्पाहार का वितरण



बिलासपुर। शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय तिफरा में अध्यनरत दृष्टि बाधित एवं मूकबधिर छात्र-छात्राओं के बीच आज अनिल टाह द्वारा फल एवं एवं स्वल्पाहार वितरण किया गया। विदित हो कि समाज सेवा में अग्रणी स्व. धर्म प्रकाश टाह पिता अनिल टाह के आज 39 वीं पुण्यतिथि है। इस परिपेक्ष में सुबह निज निवास में शोभा टाह फाउंडेशन के सदस्यों ने श्रद्धांजलि पाठ व पूजन कार्यक्रम किया। तिफरा के दिव्यांग स्कूल में बच्चों के बीच फल व स्वल्पाहार वितरण किया गया। दिव्यांग स्कूल तिफरा में आसपास ग्रामीण अंचल से पहली से 12वीं तक में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्यरात है। जहां समाज कल्याण विभाग द्वारा उनके लिए स्कूल परिसर में ही छात्रावास की व्यवस्था की गई है। अनिल टाह संचालक शोभा टाह फाउंडेशन में खाद्य सामग्री वितरण उपरांत सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के पूर्व आयुष स्वास्थ्य शिविर का लोगों ने लिया निःशुल्क परामर्श



बिलासपुर। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के पूर्व सांस्कृतिक मंच चिंगराज पारा में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों ने आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति से परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया। शिविर में डॉ. अनिल कुमार सोनी, डॉ. ओमकार सिंह राजपूत, डॉ. रश्मि जितपुरे, डॉ. रुकमणी कुर्रे, डॉ. सना अहमद खान, डॉ. श्रुति थवाईत और डॉ. रश्मि श्रीवास सहित विभाग के कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों का परीक्षण कर उन्हें आयुष पद्धति पर आधारित उपचार एवं परामर्श दिए। आयोजकों ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहें तो समाज को बड़ी राहत मिलेगी।

## प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी ने किया डॉ. केशरवानी का सम्मान



बिलासपुर। प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी राष्ट्रीय समिति द्वारा साहित्यकार डॉ अश्वनी केशरवानी का सम्मान किया गया। यह आयोजन डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य में डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे की अध्यक्षता एवं सनत तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सरस्वती वंदना और स्वागत गान की प्रस्तुति राम निहोरा राजपूत ने की। मुख्य अतिथि डॉ पाठक ने कहा कि डा. अश्वनी केशरवानी छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों तथा स्थलों पर जो शोध किया है उसे शीघ्र प्रकाशित करें क्योंकि वे वर्तमान में बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। इन्होंने साहित्य की महत्वपूर्ण सेवा की है अतः अभिनंदनीय हैं। विशिष्ट अतिथि सनत तिवारी ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ बजरंग बली शर्मा, पंडित अमृतलाल दुबे, डॉ महेन्द्र दुबे, डॉ विवेक तिवारी, राजेश सोनार, शत्रुघन जैसवानी, विष्णु कुमार तिवारी, शीतल प्रसाद पाटनवार, सरस्वती सोनी, कल्याणी केशरवानी, महेन्द्र दुबे, आशीष श्रीवास, डॉ अंकुर शुक्ला, राम निहोरा राजपूत आदि मौजूद थे।

फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन — एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन में कराना होगा सुधार, नामांकन व परीक्षा फार्म भरने आएगी समस्या

# कालेजों में प्रवेश लेने वाले 8 हजार स्टूडेंट्स की मार्कशीट व आधार कार्ड में भिन्नता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध गवर्नमेंट व प्राइवेट कालेजों में इस सत्र के फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन लेने वाले लगभग 8 हजार छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड एवं 12वीं की मार्कशीट के नाम में भिन्नता पाई गई है। ऐसे छात्र-छात्राओं को आनलाइन पोर्टल में नामांकन और परीक्षा फार्म भरने में समस्या आएगी। इन छात्र-छात्राओं के एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन में सुधार करवाना पड़ेगा।

कालेजों में एडमिशन के पूर्व यूनिवर्सिटी के पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रवेश फार्म भरते समय भी इस तरह की समस्या आई थी। बहुत से फ्रेशर छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक दस्तावेज जैसे बारहवीं की मार्कशीट व आधार कार्ड में उनके नाम में भिन्नता पाई गई थी,



किन्तु यूनिवर्सिटी सहित कालेजों द्वारा छात्रहित में तात्कालिक रूप से उन छात्र-छात्राओं को प्रवेश दे दिया गया था, लेकिन अभी तक छात्रों के सही आधार एवं मार्कशीट नाम के अनुसार एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन सुधार नहीं किया गया है। एबीसी आईडी में बिना सुधार हुए ऐसे छात्रों के यूनिवर्सिटी पोर्टल में नामांकन, परीक्षा फार्म आनलाइन माध्यम से नहीं किया जा सकेगा। फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन के समय फ्रेशर छात्र-छात्राओं को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एबीसी आईडी भी जनरेट करना था। एबीसी आईडी जनरेट होने के बाद ही कालेजों में एडमिशन दिया जाना था, किन्तु बहुत से स्टूडेंट्स के समक्ष एबीसी आईडी बनाने को लेकर दिक्कत आ रही थी और उनका एबीसी आईडी जनरेट नहीं हो पा रहा था, क्योंकि उनकी बारहवीं कक्षा की मार्कशीट के नाम एवं आधार कार्ड के नाम में अंतर, विसंगति पाया गया। मार्कशीट एवं आधार कार्ड में नाम अधूरा था और दोनों में एक समान नाम नहीं होने या अन्य विसंगति के कारण उनका एबीसी आईडी नहीं बन पा रहा था, जिससे उनका एडमिशन अधर में समस्या आ रही थी। इसलिए ऐसे करीब 8 हजार छात्र-छात्राओं को तत्कालिन में प्रवेश दे दिया गया था।

### क्रेडिट डाटा रिपोर्ट डिजीलॉकर में नहीं हो पाएगा अपलोड

आधार कार्ड और मार्कशीट के नाम में भिन्नता वाले छात्र-छात्राओं के एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन में अगर सुधार नहीं कराया गया तो उनका क्रेडिट डाटा का रिपोर्ट डिजीलॉकर पर अपलोड नहीं किया जा सकेगा। एबीसी आईडी सिस्टम प्रत्येक छात्र के लिए एक अद्वितीय पहचानकर्ता के रूप में कार्य करता है। इससे उनके शैक्षणिक रिकार्ड को सुरक्षित रूप में ट्रैक किया जा सकता है। एबीसी आईडी छात्र-छात्राओं को डिजीलॉकर से जोड़ता है और नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी एनएडी जैसे अन्य प्लेटाफार्म के साथ मिलकर, शिक्षा के लिए एक एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा का हिस्सा है। एबीसी आईडी जनरेट के लिए छात्रों को आनलाइन पोर्टल में आवेदन करना होता है।

### प्राचार्य, विभागाध्यक्ष होंगे जिम्मेदार

अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल पर एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन में सुधार के संबंध में यूटीडी के विभागाध्यक्षों एवं सभी कालेजों के प्राचार्यो को पत्र जारी किया गया है। यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि जिन छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड और मार्कशीट में नाम में भिन्नता है उनके एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन में 30 सितंबर तक सुधार करवाएं अन्यथा सारी जिम्मेदारी प्राचार्यो, विभागाध्यक्षों की होगी।

### सुधार कराना जरूरी है

प्रवेश के समय कई छात्रों के आधार कार्ड नाम और शैक्षणिक दस्तावेजों के नाम में भिन्नता, विसंगति सामने आई थी। लेकिन छात्रहित में तात्कालिक रूप में प्रवेश दे दिया गया था, किन्तु अब उनके एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन में सुधार कराना जरूरी है, जिसके लिए यूनिवर्सिटी प्रयास कर रहा है।

-डॉ. तरूणधर दीवान
परीक्षा नियंत्रक, एयू

कृषि विभाग ने कहा- एक सप्ताह के भीतर एक रैक यूरिया की होगी आपूर्ति

# चालीस समितियों से 11 सौ मीट्रिक टन यूरिया की मांग, फिलहाल मायूसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले की चालीस सहकारी समितियों द्वारा 11 सौ मीट्रिक टन यूरिया की मांग की गई है। यूरिया को लेकर जिले में मारामारी की स्थिति बरकरार है। जिले में फिलहाल इतनी मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं है, जिसकी आपूर्ति के लिए मांग की गई है। कृषि विभाग के अनुसार एक सप्ताह के भीतर एक रैक उतरने वाला है, जिससे यूरिया की काफी हद तक आपूर्ति की जा सकेगी।

धान के पौधे अब दूध भराने की स्थिति में आने लगे हैं, लेकिन जिले में यूरिया की मांग जस की तस बनी हुई है। जिले में 40 सहकारी समितियां ऐसी हैं, जिन्होंने यूरिया के लिए आरओ भेजा है। कृषि विभाग के अनुसार समितियों द्वारा कुल 1 हजार 89 मीट्रिक टन यूरिया की मांग की गई है, लेकिन इन समितियों को तत्काल इतनी बड़ी मात्रा में यूरिया उपलब्ध करा पाना संभव नहीं है।

विभाग द्वारा उच्च स्तर पर यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की गई है।



### डीएपी की कमी ने बिगाड़ा सारा मामला

इस साल डीएपी की आपूर्ति मांग की तुलना में काफी कम हो सकी थी। इसके विकल्प के तौर पर कृषि विभाग द्वारा एनपीके, सुपरफास्फेट व यूरिया को निर्धारित मात्रा में छिड़काव की सलाह किसानों को दी गई थी। इन तीनों के छिड़काव से किसानों को डीएपी जैसा ही लाभ मिलने की बात कही गई थी। यही कारण है कि यूरिया की खपत बढ़ती गई। चूंकि यूरिया का छिड़काव अंतिम तक किया जाता है, जिससे इसकी मांग अब तक बनी हुई है। इधर यूरिया की भी लगातार मांग बढ़ते रहने, लेकिन समय पर तत्काल उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण किसानों को यूरिया की भारी कमी या किल्लत जैसी स्थिति नजर आने लगी थी, जबकि ऐसी कोई बात नहीं थी। कुछ देर से ही सही, लेकिन किसानों तक यूरिया पहुंचाई जा रही है।

विभाग के अनुसार एक सप्ताह के भीतर कृभको कंपनी द्वारा एक रैक उतारा जाना है, जिससे किसानों को तत्काल यूरिया की आपूर्ति कर दी जाएगी। हालत यह थी कि लाखासर में लड़ाई-झगड़े की स्थिति निर्मित हो चुकी थी।

सूचना मिलने पर डीडीए पीडी हथेश्वर ने कई स्थानों पर यूरिया की उपलब्धता की जानकारी ली व डबल लॉक सेंटर से किसी अन्य सोयायटी के लिए रखी यूरिया को तत्काल लाखासर सोसायटी के लिए रवाना करवाया, ताकि लाखासर में स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके।

### मांग की गई है

अभी चालीस समितियों से 1 हजार 89 मीट्रिक टन यूरिया की मांग आई है। हमने भी यूरिया की मांग की है। कितना आबंटन मिलेगा इसकी फिलहाल जानकारी नहीं है, लेकिन एक सप्ताह के भीतर एक रैक उतरने वाला है। किसानों को यूरिया उपलब्ध हो जाएगी, चिंता करने की जरूरत नहीं है।

-पीडी हथेश्वर,
डीडीए बिलासपुर

# डॉ. रमन यूनिवर्सिटी में 15 दिन होंगे हिंदी में कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती अवसर पर 14 सितंबर से 30 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित हो रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, भाषण, समूह चर्चा, कविता प्रतियोगिता एवं ऑनलाइन सेमिनार आयोजित, किया जा रहा है। 15 दिनों तक विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी और शोधार्थी इस पखवाड़े में हिंदी को केंद्र में रखकर विभिन्न कार्य करेंगे। यह आयोजन भाषा एवं साहित्य विभाग, छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति केंद्र ,छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजन पीठ, एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब, भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र ,वनमाली शोध एवं सृजन पीठ आइक्यूएसी द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

- 14 से 30 सितंबर तक मनाया जा रहा हिंदी पखवाड़ा

विवि के कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अपने स्थापना का 25 वर्ष रजत जयंती वर्ष मनाने जा रहा है। इस रजत जयंती वर्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 14 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक हिंदी को केंद्र में रखकर विश्वविद्यालय में विशेष आयोजन आयोजित किया जा रहा है। यह दिन हमें हिंदी के इतिहास, इसकी विविधता और इसके महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। आज के समय में, हिंदी का महत्व और भी बढ़ गया है, खासकर डिजिटल युग में। हिंदी में ऑनलाइन सामग्री की बढ़ती मांग ने हिंदी को एक महत्वपूर्ण भाषा बना दिया है। हिंदी दिवस पर, हमें हिंदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करनी चाहिए और इसके विकास के लिए काम करना चाहिए। इस मंशा के साथ विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता,भाषण, सामूहिक चर्चा, ऑनलाइन सेमिनार, वाद विवाद, कविता, कहानी प्रतियोगिता आयोजित की जा रहा है। कार्यक्रम के समन्वय डॉ शाहिद हुसैन है।

### विदेश की धरती पर लहराया हिंदी का परचम

विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि हिंदी की वैश्विक स्वीकार्यता और स्थापना को लेकर विश्व रंग कार्यक्रम वर्षों से किया जा रहा है। जिसमे की 50 से अधिक देश शामिल होते हैं। हम हिंदी को वैश्विक रूप में देखते हैं। भारत की धरती ही नहीं विश्व रंग ने विदेशी धरती पर भी हिंदी का परचम लहराया है।

## जिला उद्योग संघ एवं श्रम विभाग ने किया निशुल्क जांच शिविर



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव पर जिला उद्योग संघ एवं श्रम विभाग छग द्वारा निशुल्क श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 18 सितम्बर गुरुवार को जय दुर्गा एग्रो लिमिटेड, सेक्टर-ब, सिरगिट्टी परिसर में किया गया। लगभग 1072 श्रमिकों ने स्वास्थ्य परिक्षण करवाया सभी को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

शिविर का कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भ्रमण किया। शिविर एवं अन्य जानकारियां प्राप्त की। शिविर के समापन पर विधायक धरमलाल कौशिक ने सभी डॉक्टर एवं पुरे स्टाफ को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। पौधरोपण कर पर्यावरण का सन्देश दिया। कार्यक्रम में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, सतीश शाह, महासचिव शरद सक्सेना ने कलेक्टर संजय अग्रवाल का स्वागत किया। कार्यक्रम के सह प्रायोजक शिवकुमार अग्रवाल, जयदुर्गा आयल आयल एक्स ट्रैक्शन प्रा.लि. ने किया। शिविर में सहायक श्रम आयुक्त ज्योति शर्मा, विजय कुमार सोनी ने सभी व्यवस्थाओ को संयोजित किया। शिविर में डॉ. मंदार गोकाते, डॉ. शांभवी, डॉ. प्रकृति यदु, डॉ. प्रियंका, डॉ. उपासना देवांगन, डॉ. धर्मेंद्र मैया, डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. अब्दुल रज़ाक खान, डॉ. अकांक्षा झा, डॉ. सुधांशु शर्मा, अंजनी पटेल, दीपिका रजक, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. वंदना खाखा, चन्द्रकान्त भट्ट, एन.एस.राजू अरुण अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, जीतेन्द्र गांधी, हनुमान अग्रवाल, राम सुखीजा, शंकर मनचंदा, मुकेशलाल चंदानी आदि मौजूद थे।

## रोटरी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस रायपुर में 20 और 21 दिसंबर को होगी

बिलासपुर। रोटरी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस इस वर्ष रायपुर में 20 और 21 दिसम्बर को होटल ओमाया गार्डन में आयोजित की जाएगी। इसमें रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के सभी तीन राज्य (मप्र, छग एवं उड़िसा ) के 1000 से अधिक रोटेरियन दम्पति सदस्यों के एकत्र होने की संभावना है।






विगत दिवस रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 गर्वनर अमित जायसवाल द्वारा वार्षिक रोटरी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस का स्लोगन एवं प्रतीक चिन्ह रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3161 के ऑफिस में साझा किया गया। डिस्ट्रिक्ट मीडिया चैयरमैन नितिन जैन एवं को- चैयरमैन पंकज माहेश्वरी, संजय दुबे ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस इस वर्ष रायपुर में 20 एवं 21 दिसम्बर को होटल ओमाया गार्डन में आयोजित की जाएगी। इस दौरान रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के 100 से अधिक क्लब के अध्यक्ष अपना नया डिस्ट्रिक्ट गर्वनर वर्ष 28-29 को लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत मतदान द्वारा चुनेगें। इसे भव्य बनाने के लिए रोटरी डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी द्वय सोमनाथ अग्रवाल, अजित खंडेलवाल, सुशील रामदास अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम नवीन भवसार, अंजुल जैन, गौरव जिंदल, परवेज अली ख़ान, कमलजीत छाबड़ा, कांफ्रेंस चैयरमैन सलज अग्रवाल, आयोजक क्लब अध्यक्ष मनीष मित्तल, राकेश चतुर्वेदी, हरजीत सिंह हूरा, रमेश अग्रवाल, शांशक रस्तोगी, रंजीत सिंह सैनी , पल्लवी जायसवाल आदि रायपुर में तीन वर्ष के बाद आयोजित होने जा रही इस डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस को यादगार बनाने के लिए एकजुट हो कर तीन राज्यों से 1000 रोटरी दम्पति सदस्यों को आमंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मशहूर बॉलीबुड एवं टीवी कलाकार को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। इस आयोजन में रोटरी सदस्यों का गीत-संगीत व नृत्य का ग्रांडफिनाले भी आयोजित किया जाएगा।

## जीण माता ट्रस्ट के मंगतराय बने निर्विरोध अध्यक्ष

बिलासपुर। मंदिर ट्रस्ट परिसर के कार्यालय में न्यासीगणों की उपस्थिति में वर्ष 2025-27 के लिए जीण माता मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर का चुनाव हुआ। आपसी सहमति एवं सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी के पद पर मंगतराय अग्रवाल, उपाध्यक्ष सजन सोनी, सचिव कमल सोनी, कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, सहसचिव नरेश अग्रवाल व मनीष सोनी निर्विरोध निर्वाचित हुए। साथ ही अन्य न्यासी कार्यकारिणी चुने गए हैं।

- न्यासीगणों की उपस्थिति में हुआ चुनाव

ई-वेस्ट प्रबंधन और शून्य अपशिष्ट उत्सव पर विशेष जोर

# एसईसीएल ने शुरू किया 'स्वच्छोत्सव 2025', ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने इस वर्ष 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' की शुरुआत 'स्वच्छोत्सव: स्वच्छ और हरित उत्सव, शून्य-अपशिष्ट' थीम के साथ की है।

- एक पेड़, मां के नाम करेंगे पौधरोण
- सफाई मित्र होंगे सम्मानित

इस अभियान का मुख्य फोकस कचरा प्रबंधन और ई-वेस्ट के संग्रह एवं रीसाइक्लिंग पर रखा गया है। यह अभियान 2 अक्टूबर तक स्पेशल कैंपेन 5.0 की तैयारी चरण के रूप में चलेगा। अभियान का शुभारंभ एसईसीएल मुख्यालय और सभी परिचालन क्षेत्रों में स्वच्छता शपथ



स्वच्छता की शपथ लेते एसईसीएल के कर्मचारी व अफसर।

दिलाकर किया गया। बिलासपुर मुख्यालय में स्वच्छता संदेश देने और कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए आकर्षक रंगोली भी बनाई गई। इस वर्ष एसईसीएल ने विशेष रूप से ई-वेस्ट प्रबंधन को केंद्र में रखा है और इसके लिए संग्रह एवं रीसाइक्लिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। कपड़े के बैनर प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे। जागरूकता कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता प्रतियोगिताएं होंगी। 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण होगा तथा सफाई मित्रों का सम्मान भी किया जाएगा।

### 2 से 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

एसईसीएल के अफसरों ने बताया कि स्पेशल कैंपेन 5.0 का क्रियान्वयन चरण 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। जिसका उद्देश्य स्वच्छता प्रथाओं को संस्थागत रूप देना, सतत विकास को मजबूत करना और सरकारी कार्यालयों में लंबित कार्यों को कम करना है। पिछले वर्ष स्पेशल कैंपेन 4.0 के दौरान एसईसीएल ने लक्ष्यों से अधिक उपलब्धियां हासिल कर कोल इंडिया की सहायक कंपनियों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। साफ-सफाई, कबाड़ निपटान और स्थान प्रबंधन में रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ कंपनी ने मीडिया कवरेज में भी सबसे आगे रहकर अधिकतम सोशल मीडिया सहभागिता हासिल की थी। स्वच्छोत्सव 2025 के माध्यम से एसईसीएल अब राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन को गति देने के साथ-साथ पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में अग्रसर है।

## कैंसर को लेकर सिम्स में जांच शिविर



बिलासपुर। स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान योजना के तहत छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान व दत्त चिकित्सा विभाग के संयुक्त सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगी। शुक्रवार को शिविर में 30 महिलाओं की जांच की गई। जिसमें 6 महिलाओं में कैंसर के शुरुआती लक्षण तथा 1 महिला में एडवांस स्टेज का कैंसर डायग्नोस किया गया है।

महिलाओं में प्रमुख तौर पर स्तन कैंसर,गर्भाशय कैंसर,मुख कैंसर पाया जाता है। मुख कैंसर भी अन्य कैंसर की तरह गंभीर और जानलेवा रोग है। शुक्रवार को महिलाओं को मुख कैंसर के लक्षण, कारण एवं चेतावनी संकेतों की जानकारी दी गई। विगत 7 वर्षों में सिम्स दंत चिकित्सा विभाग द्वारा 42 मुख कैंसर मरीजों की सफल सर्जरी की गई है, जिनमें 14 महिलाएं और 28 पुरुष शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन दन्त रोग के डॉ. भूपेंद्र कश्यप, विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप प्रकाश, डॉ.जंडेल सिंह ठाकुर, डॉ. प्रकाश खरे के सहयोग से महिला मरीजों की जांच की गई। मुख्य जांच एवं परामर्श डॉ. केतकी किनिकर, डॉ. हेमलता राजमणि, डॉ. सोनल पटेल ने दिया। इस अवसर पर रेडियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### आईडीबीआई बैंक ने कन्या शाला को दिया वाटर कूलर



**तखतपुर।** आईडीबीआई बैंक तखतपुर शाखा की ओर से शासकीय कन्या विद्यालय को सीएसआर के तहत वाटर कूलर प्रदान किया गया। इस अवसर पर बैंक के शाखा प्रबंधक विकास राव ने कहा कि, बैंक वित्तीय कार्य के साथ-साथ अपनी सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करती है। बैंक शिक्षा को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण सहित ग्रामीण विकास स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी अपना योगदान देती है, और अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करती है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि, बैंक की ओर से जो वाटर कूलर दिया गया है, इससे विद्यालय में अध्यनरत 800 छात्रों को पीने के लिए ठंडा व शुद्ध पानी मिलेगा। उन्होंने इस कार्य के लिए विद्यालय की ओर से बैंक का आभार जताया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक मुंगेली प्रभात कंसार, बलिराम सूर्यवंशी, मिनाज खान, आमोद एक्का,मयंक यादव, गिरधारी वैष्णव, स्कूली छात्राएं और पालक उपस्थित रहे।

### रायपुर में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए हरिशंकर



**पथरिया।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला का आयोजन राजधानी रायपुर के भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें मुंगेली भाजपा उपाध्यक्ष एवं उक्त कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक हरिशंकर वर्मा शामिल हुए एवं आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी रिफॉर्म के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत और नेक्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स से भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलने वाली गति और सुधारों के बारे में वक्ताओं ने जानकारी साझा की। हरिशंकर वर्मा ने बताया कि, आत्मनिर्भर भारत विजन और नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पर विशेष बल दिया जा रहा है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था में आई चुनौतियों से निपटने मोदी सरकार का मास्टरस्ट्रोक है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को गति और आमजनों को आर्थिक लाभ होगा जो विकसित भारत के संकल्पना को साकार करेगा ।

### नगर के विश्राम गृह मे किया गया पौधरोपण



**पथरिया।** राष्ट्रीय स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत नगर पंचायत पथरिया में पौधरोपण किया गया। इस अभियान की शुरूआत आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा की गई है, जिसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और सामुदायों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। अभियान के तहत 19 सितम्बर शुक्रवार को नगर पंचायत पथरिया के विश्राम गृह में पौधरोपण किया गया। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के तहत स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया गया। वृक्षारोपण मे नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, सीएमओ अनुराधा राजमणि, पार्षद अजय डडसेना, संतु निषाद, शिव जायसवाल, इमरान, संदीप साहू सहित विभिन्न लोग उपस्थित रहे।

# भगवान विश्वकर्मा ने हमें सृजन करना सिखायाः तोखन

■ सृजन करना कठिन, विघ्न करना सरलः धर्मजीत

**सकरी।** भगवान विश्वकर्मा केवल निर्माण के देवता ही नहीं, बल्कि वे परिश्रम और कौशल के प्रतीक हैं। देश के विकास में कारीगरों, शिल्पकारों, इंजीनियरों और श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियान को सफल बनाने के लिए तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार को प्राथमिकता देनी चाहिए। उक्त बातें केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने विश्वकर्मा जयंती पर आकांक्षा बिल्डर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने कहा कि, श्रम और निर्माण की हमारी परंपरा और संस्कृति की आत्मा है।



विश्वकर्मा जयंती का पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और नवाचार लाने की प्रेरणा देता है। सृजन करना कठिन है, वहीं विघ्न करना सरल है। अति विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, हम इस कार्यक्रम में शामिल होने जिस मंच पर उपस्थित हैं, ये मंच आकांक्षा बिल्डर्स एसोसिएशन की मांग पर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने निर्माण कराया है। इस पूरे मैदान को व्यवस्थित कर यहां सड़क के किनारे गार्डन का निर्माण कराया जा रहा है। कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी पार्षद, मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, पूर्व मंडल रामचंद्र यादव ने भी संबोधित किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मंगल साहू ने स्वागत भाषण में कहा कि, मैंने आयोजन स्थल पर मंच निर्माण के लिए 5 लाख की मांग की थी, लेकिन हमारे विधायक ने मंच सहित पूरे परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ रूपए स्वीकृत कर दिए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन भारत ठाकुर, रशीद खान एवं प्रकाश पाल ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में जलेश्वर निर्मलकर, दशरथ चंद्राकर,जलेश्वर साहू, संतोष साहू, गोवर्धन निर्मलकर, कृष्णा निर्मलकर, खिलेंद्र साहू, मंगलू केवट, दुर्गेश कौशिक, मनोज साहू, अनिल यादव, कृष्णा साहू, शिव कौशिक, सुनील पटेल, प्रमोद साहू, सुखदेव वस्त्रकार, नानू साहू, सोनू सूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पूर्व पार्षद मनोज साहू, पूर्व पार्षद मनोज सोनकर, राजेश देवांगन, राजकमल साहू, प्रशांत गुप्ता, जितेन्द्र सूर्यवंशी आदि मौजूद थे।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव में हुए विभिन्न कार्यक्रम



**पेंड्रा।** अग्रवाल समाज पेंड्रा रोड द्वारा मनाए जाने वाली अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आगाज महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना, पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद ध्वज फहराकर महोत्सव की औपचारिक शुरुआत की गई। इस दौरान पूरा परिसर में महाराजा अग्रसेन अमर रहें और जय अग्रसेन के जयघोष गूंज उठा। इस अवसर पर महोत्सव समिति अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशीष गोयल, सचिव कुमार मंगलम सुल्तानिया, कोषाध्यक्ष अवि अग्रवाल सहित अग्रवाल महिला मंडल, अग्रसेन भवन समिति, अग्रवाल सभा के सदस्य एवं समाज के वरिष्ठ बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वक्ताओं ने महाराज अग्रसेन के जीवन आदर्शों, सहयोग, सेवा, त्याग और समानता की भावना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, अग्रसेन जी ने एक ईंट और एक रुपया के सिद्धांत से समाज में सहयोग और भाईचारे की अद्भुत परंपरा स्थापित की, जिसे हर पीढ़ी को अपनाना चाहिए। इस पर सभी ने एक स्वर में महाराज अग्रसेन के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। यह आयोजकों ने बताया कि, यह महोत्सव पूरे सप्ताह चलेगा एवं इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, खेलकूद आयोजन, महिला सम्मेलन, एवं शोभायात्रा जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। अंतिम दिन भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। वहीं वरिष्ठजनों ने इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर जोर दिया। अग्रसेन जयंती महोत्सव का यह शुभारंभ न केवल समाज में सामूहिकता और एकता का संदेश देता है, बल्कि आने वाले दिनों में होने वाले आयोजनों के प्रति लोगों में उत्सुकता भी जगाता है।

## खाद विक्रय केंद्र का 21 दिनों के लिए लाइसेंस निलंबित

**मस्तूरी।** खरीफ 2025 अंतर्गत मेसर्स साहू कृषि केन्द्र गुड़ी में 10 एवं 11 सितम्बर को निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रय संबंधी समस्त रिकार्ड का संधारण, उर्वरक भंडारण एवं वितरण से संबंधित रिकॉर्ड में खामियां पाए जाने के कारण 21 दिनों के लिए विक्रय केंद्र का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब हो कि, मस्तूरी अंतर्गत ग्राम गुड़ी स्थित मेसर्स साहू कृषि केंद्र में निरीक्षण के दौरान विक्रय दर एवं स्कंध का प्रदर्शन नहीं करने, रिकार्ड का संधारण नहीं करने, उर्वरक भण्डारण एवं वितरण की जानकारी प्रस्तुत नहीं करने तथा वितरण मे अनियमितता बरतने की बात सामने आई। इसे उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के



खण्ड (4), 35 (1) (a) एवं 35 (1) (b) का उल्लंघन मानते हुए निरीक्षण टीम में शामिल अधिकारियों ने कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन संबंधित फर्म में साहू कृषि केंद्र गुड़ी ने स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया। इसे नियमों का उल्लंघन मानते हुए एके आहिरे उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मस्तूरी एवं क्षेत्रीय उर्वरक निरीक्षक अनामिका वर्मा ने उपसंचालक कृषि बिलासपुर को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे उपसंचालक कृषि ने गंभीरता से लिया।

### अयोध्या में राष्ट्रीय सेवा रत्न से सम्मानित हुए मुकेश



**लोरमी।** अयोध्या में 12, 13 एवं 14 सितंबर को आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव में लोरमी के समाजसेवी मुकेश जायसवाल को रक्तदान के क्षेत्र में उनके विशेष कार्य के लिए अयोध्या के प्रसिद्ध रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन ने राष्ट्रीय सेवा रत्न से सम्मानित किया। उक्त आयोजन में देश के सभी 28 राज्य सहित उत्तरप्रदेश के सभी 75 जिलों के रक्तदाता शामिल हुए। गौरतलब है कि, मुकेश शुरू से ही समाज सेवा के सभी कामों में शुरू से लगे रहे हैं। इसके पहले भी मुकेश लोरमी रत्न अवार्ड, मुंगेली जिला रत्न अवार्ड, बिलासपुर संभाग रत्न अवार्ड एवं छत्तीसगढ़ गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित किए जा चुके हैं।

## कलेक्टर के निरीक्षण में नदारद रहे प्रभारी प्रचार्य व शिक्षक



**तखतपुर।** स्वच्छता एवं सेवा अभियान के तहत तखतपुर के दौरे पर पहुंचे कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शुक्रवार को हाई स्कूल हरदी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल भी उनके साथ

मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य रमेश साहू एवं शिक्षक निर्मल शर्मा बिना अवकाश स्वीकृति के विद्यालय से नदारद पाए गए। इस पर कलेक्टर ने दोनों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्कूल के अंदर और बाहर गंदगी का आलम देख कलेक्टर बेहद नाराज हुए, उन्होंने विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर संपूर्ण परिसर को साफ-सफाई करने की सख्त लहजे में हिदायत दी। कलेक्टर ने बच्चों की कक्षा में पहुंचकर शिक्षा गुणवत्ता का भी परीक्षण किया। कलेक्टर ने बच्चों से सामान्य से सवाल पूछे, जिसका जवाब बच्चे नहीं दे पाए। साथ ही बच्चों को ठीक से अंग्रेजी पढ़ने में दिक्कतें हो रही थीं। कलेक्टर ने कहा कि, अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर उसे प्राप्त करने में लग जाइए, सफलता जरूर हाथ लगेगी। देश एवं समाज में जितने भी बड़े लोग हुए हैं, सबने जीवन की शुरूआत में ही सपने देखे और उसे प्राप्त करने के लिए जीतोड़ मेहनत की।

# कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगाः सतपथी

**सीपत।** सीपत पुलिस अब चोरी और आपराधिक घटनाओं को लेकर पूरी तरह आक्रामक मोड में आ चुकी है। थाना प्रभारी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि, अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की कड़ाई और लगातार हो रही धरपकड़ से असामाजिक तत्वों के बीच खौफ का माहौल है।

क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं ने जहां लोगों की चिंता बढ़ा दी थी, वहीं सीपत पुलिस ने त्वरित एक्शन लेकर यह साफ कर दिया है कि अब अपराधियों के दिन लद चुके हैं। पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज करते हुए चोर-बदमाशों को यह संदेश दे दिया है कि कानून से बचना अब नामुमकिन है। कुकदा चोरी कांड में बड़ी सफलता- पुलिस की सख्ती का सबसे बड़ा उदाहरण हाल ही में सामने आया, जब ग्राम कुकदा की किराना दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर आरोपी और चार अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान और नगदी रकम भी बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाश कांगो पिता विजय कांगो उम्र 19 वर्ष निवासी कुकदा के रूप में हुई है, जिसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। साथ ही चारों अपचारी बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के आदेश पर बाल संप्रेषण गृह बिलासपुर भेजा गया।

पुलिस की त्वरित और सख्त कार्रवाई से स्पष्ट है कि सीपत क्षेत्र में अब चोरी-डकैती या किसी भी तरह का आपराधिक कृत्य कतई बर्दाश्त नहीं होगा। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने कहा कि, सीपत क्षेत्र में अपराधियों के लिए अब कोई जगह नहीं बची है।

## एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने से बदरा के किसान परेशान

■ सहायक आयुक्त एवं कृषि उपसंचालक के नाम सौंपा ज्ञापन

**सरगांव।** एग्री स्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन नहीं होने को लेकर ग्राम बदरा (ठा) के किसानों ने सहायक आयुक्त, सहायक पंजीयक संस्था एवं कृषि उपसंचालक को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया गया कि, बदरा सेवा सहकारी समिति पंजीयन क्र 614 के अंतर्गत आने वाले बदरा (ठा) के किसानों का एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पा रहा है। साथ ही बताया गया कि, पोर्टल में मुंगेली जिले के सरगांव तहसील के अंतर्गत ग्राम बदरा (ठा) प्रदर्शित नहीं रहा है, साथ ही पोर्टल में कैरी फॉरवर्ड भी नहीं हो रहा है जिसके कारण किसानों के पंजीयन में भारी समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि, एग्री स्टैक पोर्टल में ग्राम बदरा (ठा) का नाम जुड़वाया जाए ताकि, नए किसानों का पंजीयन एवं कैरी फॉरवर्ड किया जा सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। उक्त ज्ञापन की प्रतियां कलेक्टर, कृषि उपसंचालक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पथरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक बिलासपुर, नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक मर्या मुंगेली, सहकारी विस्तार अधिकारी, पथरिया सहित शाखा प्रबंधक एवं पर्यवेक्षक को प्रेषित की गई हैं।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने की दुकानों की जांच, खाद्य सामग्रियों के लिए गए सैंपल


**मुंगेली।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से मुंगेली क्षेत्र के स्थान किशुनपुर, कोदवाबानी, दशरंगपुर पर फर्म मंजू होटल, बावाजी होटल, बल्ला पान सेंटर किराना स्टोर्स, मनोज जायसवाल किराना दुकान, मां लक्ष्मी जनरल स्टोर्स, राजपुत किराना दुकान, प्रहलाद जायसवाल होटल, साहू किराना जनरल स्टोर्स लव बेकरी एंड जनरल स्टोर्स, विजय किराना स्टोर्स, पंकज किराना स्टोर्स का निरीक्षण कर नमूना संकलन किया गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने मौके पर कुल 50 नमूना का संकलन कर जांच की। टीम ने जांच में होटल, रेस्टोरेंट एंव किराना स्टोर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्तायुक्त खाद्य समाग्री विक्रय करने के लिए होटल एवं रेस्टोरेंट संचालक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। साथ ही खाद्य सामग्री जैसे रंग वाली मिठायां, तेल का परीक्षण कर तेल को केवल दो बार ही उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। स्ट्रीट फूड वेडर्स को खाद्य सामग्रियो में खाद्य रंग का उपयोग नही करने का निर्देश दिया गया। होटल एंव रेस्टोरेंट में अखाद्य रंग का उपयोग नहीं करने, पीने के पानी को साफ-सुथरे बर्तन में रखने व नमकीन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### रुचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत आवेदन 26 तक

मुंगेली। जिले में गौधाम संचालन के लिए इच्छुक संस्थाओं से रुचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत 26 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा ने बताया कि, गौधामों में निराश्रित, घुमंतू गौवंशीय पशुओं तथा पुलिस द्वारा जब्त किए गए पशुओं को विस्थापित किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं भर्राकुण्डा रोड, चमारी से कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

## निधन

### सुकुमार रायचौधरी



**बिलासपुर।** बिनोवा नगर निवासी इलाहाबाद बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी सुकुमार राय चौधरी का शुक्रवार को 87 वर्ष की आयु में भिलाई में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 20 सितंबर को दोपहर 12 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम भिलाई में किया जाएगा। वे इंद्रजीत रायचौधरी के पिता थे।

### बंशीलाल सूर्यवंशी



**सीपत।** सीपत निवासी बंशीलाल सूर्यवंशी का 78 वर्ष की उम्र में 19 सितंबर शुक्रवार को निधन हो गया। वे आरएसएस के विभाग प्रचार प्रमुख अजय सूर्यवंशी, विजय सूर्यवंशी, धर्मेंद्र व महेंद्र के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार 20 सितंबर को सुबह 10:30 स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।
तखतपुर- समाचार के साथ गजानन पांडेय की तस्वीर संलग्न है।

### गजानन पांडेय



**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 3 रामनगर टिकरीपारा निवासी गजानन पांडेय का 80 वर्ष की आयु में 19 सितंबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 20 सितंबर को प्रातः 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।




सुमीत बाजार
9 दिन
9 रात
9 ऑफर्स
नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा की अग्रिम शुभकामनाएँ
ये है 9 दिन का उत्सव, 9 गुना बड़ा !
₹999 में 2 ब्रांडेड कुर्ता
₹999 में 3 साड़ियाँ
₹999 में 2 सूट पीस
₹999 में 4 मेन्स शर्ट
₹999 में 4 डबल बेडशीट
₹999 में 4 कोर्ड सेट
₹999 में 2 मेन्स कोर्ड सेट
₹999 में 3 प्रीमियम ब्रांडेड ब्वॉयज टीशर्ट
₹999 में 3 डबलबेड मिंक ब्लांकेट
*condition apply
ऑफर सुमीत बाजार के सभी स्टोर्स पर...
ऑफर स्टॉक रहने तक...
दिखाये गये चित्र प्रोडक्ट से भिन्न हो सकते हैं
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE 89820 44000